राजस्थान सरकार
सूचना प्रोद्यौगिकी और संचार विभाग
आई.टी. भवन, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांकः–प.2(9118)/DOIT/ESTT/20/08448/2022

जयपुर, दिनांकः 14/12/2022

## कार्यालय आदेश

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा वर्ष, 2018 में आयोजित कनिष्ठ सहायक की प्रतियोगी परीक्षा में सफल घोषित होने के फलस्वरुप राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय लिपिक वर्गीय सेवा नियम 1999 के तहत् इस विभाग के आदेश कमांक एफ2(9091)डीओआईटी/संस्था/20/एमएल–833 दिनांक 10.07.2020 के द्वारा श्री सम्पत राम बाजिया, को अस्थाई आधार पर कनिष्ठ सहायक के पद पर दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रुप मे नियत पारिश्रमिक पर नियुक्ति प्रदान की गई थी, जिसके पश्चात् श्री सम्पत राम बाजिया, कनिष्ठ सहायक ने अपने पद पर दो वर्ष की परिवीक्षाधीन अवधि निरन्तर संतोषजनक पूर्ण कर ली है को वित्त (नियम अनुभाग) विभाग के नोटिफिकेशन प.15(1) वित्त (नियम)/2017 दिनांक 09.12.2017 के अनुसरण में पुनरीक्षित वेतनमान नियम 2017 के नियम 17 के अनुसार कनिष्ठ सहायक पद की Pay Matrix के अन्तर्गत L-5 लेविल पर वेतन एवं नियमानुसार भत्ते आहरित/वितरित करने की एतद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

| क्रम सं. | मेरिट/ रोल नं. | कनिष्ठ सहायक का नाम | वर्तमान पदस्थापित विभाग | प्रथम कार्यग्रहण दिनांक | परिवीक्षाधीन अवधि (दो वर्ष) पूर्ण होने की दिनांक | निर्धारित वेतनमान में उक्तानुसार निर्धारित वेतन के आधार पर वेतन आहरण एवं स्थाईकरण किये जाने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 678 | श्री सम्पत राम बाजिया | सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, जयपुर | 10.11.2020 (मध्यान्ह् पूर्व) | 09.11.2022 | 10.11.2022 |

वित्त (नियम अनुभाग) के नोटिफिकेशन प.15(1) वित्त (नियम)/2017 दिनांक 09.12.2017 के अनुसरण में उपर्युक्त कनिष्ठ सहायक का कॉलम सं. 7 में उल्लेखित दिनांक से पुनरीक्षित वेतनमान नियम 2017 के नियम 17 के अनुसार कनिष्ठ सहायक पद का शिड्यूल–I (Part–B) की Pay Matrix के अन्तर्गत L-5 लेविल का न्यूनतम (First cell) की राशि रूपये 20800/– पर नियत किया जाता है।

उपर्युक्त कनिष्ठ सहायक के नियमितिकरण/स्थाईकरण के आदेश एवं वेतन निर्धारण की प्रविष्टि का इन्द्राज नियमानुसार संबंधित कर्मचारी की सेवा पुस्तिका मे किया जावे।

**पुनरीक्षित वेतनमान नियम 2017 के नियम 13 के अनुसार उक्त कनिष्ठ सहायक की आगामी वेतन वृद्धि की दिनांक 01.07.2023 होगी।**

SD
(सुनील छाबडा)
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव/आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, सू. प्रौ. एवं संचार विभाग, जयपुर।
2. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष सू. प्रौ. और संचार विभाग, जयपुर।
3. आहरण एवं वितरण अधिकारी, सू. प्रौ. और संचार विभाग, जयपुर।
4. प्रभारी अधिकारी, वेबसाईट, सू. प्रौ. और संचार विभाग, जयपुर।
5. श्री सम्पत राम बाजिया, कनिष्ठ सहायक,सू. प्रौ. और संचार विभाग, जयपुर।
6. निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

विजय 14/12/2022
अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी